मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-274
21/04/2023

# मुख्यमंत्री ने प्रदेश एवं देशवासियों को ईद की मुबारकबाद दी

पटना 21 अप्रैल 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने ईद–उल–फित्र के मौके पर प्रदेश एवं देशवासियों विशेषकर मुस्लिम भाई–बहनों को ईद की बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि पवित्र रमजान के महीने में रोजेदारों द्वारा की गयी इबादतों से उनके घर–परिवार के साथ–साथ प्रदेश और देश में शान्ति एवं समृद्धि आयेगी। मेरी कामना है कि समाज में अमन–चैन, भाईचारा पूरे तौर पर कायम रहे। ईद का दिन ईनाम का दिन है। खुदा इस मुबारक दिन पर अपने नेक बंदों को ईनाम से नवाजते हैं। खुदा हम सब पर अपनी रहमतों की बारिश करें और हम सबों का जीवन सुख, शांति, समृद्धि से भरा रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत एक महान देश है। यहॉ विभिन्न धर्मों, सम्प्रदायों एवं मतावलंबियों के बीच पारस्परिक सौहार्द्र, प्रेम और सहिष्णुता बेमिसाल है। यहॉ सभी लोग एक दूसरे के पर्व त्याहारों में शामिल होकर खुशियॉ बॉटते हैं और एक दूसरे के धर्मों का सम्मान करते हैं। इसी से प्रदेश एवं देश को मजबूती मिलती है।

******